डॉ. गुर्जर बने स्टेट इंटरनल असेसर

दौसा। एनएक्यूएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडडर्स) दौसा जिले के नोडल अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह गुर्जर को स्टेट इंटरनल असेसर बनाया गया है। इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विशिष्ठ शासन सचिव डा॰ जितेन्द्र कुमार सोनी की ओर से आदेश जारी किए हैं।

डा॰ गुर्जर फिलहाल दौसा में बतौर डिप्टी सीएमएंडएचओ (परिवार कल्याण) सेवाएं दे रहे हैं। इंटरनल असेसर के रूप में उन्हें समीपवर्ती भरतपुर जिले के चार सब सेंटर्स नियामदपुर, चाक धनौति, सुआरू और मुहारी की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले डॉ. गुर्जर जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में दौसा जिले के सब सेंटर वर्तमान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, निहालपुरा, ?लॉक सिकन्दरा को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडडर्स के अनुसार तैयार करवाया था। जिसे देखने केन्द्र की टीम भी पहली बार हाल ही में दौसा आई और सभी सात गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने पर केन्द्रीय टीम ने उनके कार्य की भरपूर सराहना भी की। जिसके बाद दौसा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, निहालपुरा को दौसा जिले का पहला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडडर्स सर्टिफाईड केन्द्र होने की उम्मीद जगी है। केन्द्रीय टीम की दौसा वजिट के तुरंत बाद डॉ. गुर्जर को स्टेट इंटरनल असेसर की जिम्मेदारी दी गई है।

शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने के निर्णय का विरोध

दौसा । सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने के निर्णय का बेरोजगारों ने दौसा में भी सोमवार को विरोध किया। राजस्थान युवाशक्ति एकीकृत महासंघ के बैनर तले युवाओं ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में महिला आरक्षण को पुन: 3० प्रतिशत करने की मांग की। युवाओं का कहना था कि बेरोजगार पुरुषों की संख्या को देखते हुए उनके साथ अन्याय हो रहा है। राजस्थान सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के आरक्षण को 30: से बढाकर 50: करना कतई न्यायसंगत नहीं है।

क्योंकि राजस्थान में न तो महिलाओं की जनसंख्या पुरुषों के बराबर है और न ही महिला साक्षरता पुरुषों के बराबर है। इस आरक्षण वृद्धि के क ारण पुरुष वर्ग को भारी नुकसान हुआ है। अब 5०: महिला आरक्षण, 12.5: एससी सेवा मान आरक्षण, 4: विकलांग कोटा, 6.7: विधवा और तलाकशुदा महिला आरक्षण और 1०: महिलाएं अपनी ही श्रेणी में पुरुष वर्ग की सामान्य सीटों पर हर बार चयनित हो जाती हैं। ऐसे में कुल 85.5: सीटें पूरी हो जाती हैं। फिर पुरुष वर्ग के लिए नाममात्र की सीटें केवल 14.5: ही शेष रह जाती हैं। यह युवाओं साथ अन्याय है। लडकों की संख्या लडकियों की अपेक्षा कई गुना अधिक है। महिला आरक्षण में वृद्धि कर युवाओं को एक तरह से अवसाद में डाल दिया है। इस अवसादपूर्ण जीवन के कारण पुरुष वर्ग आत्महत्या की ओर कदम बढाएगा। यदि महिला आरक्षण को पुन: 30: नहीं करते हैं तो बेरोजगार पुरुष वर्ग सडकों पर आ जाएगा।

सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने के निर्णय का बेरोजगारों ने दौसा में भी सोमवार को विरोध किया।

भांकरी में सीएम के आगमन की तैयारी

पावटा। ईआरसीपी योजना में कोटपुतली- विराटनगर क्षेत्र के तीन बडे बांधों छितोर्ली, जवानपुरा धाबाई एवं बुचारा बांध को जोडने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन एवं धन्यवाद कार्यक्रम को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने अपने निवास स्थान भांकरी में बैठक की । यहां विधानसभा क्षेत्र विराटनगर के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ एवं जनप्रतिनिधियों के साथ सीएम भजनलाल शर्मा के क्षेत्र में प्रथम आगमन पर तैयारियों को लेकर बैठको का दौर शुरू हो चुका है। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने संबोधित करते हुए कहाँ कि पूर्वी राजस्थान के जन और जमीन की प्यास बुझाने वाले एकीकृत ईआरसीपी परियोजना मे कोटपुतली- विराटनगर क्षेत्र के तीन बडे बांधो को जोडकर सीएम भजनलाल शर्मा कोटपुतली- विराटनगर क्षेत्र के लिए ही नही बल्कि राजस्थान का भगीरथ बनकर आये है। विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकारें जनता से किए वादों को पूरा करने में तत्परता से लगी हुई है। हमने प्रदेश को ईआरसीपी की सौगात देने का वादा किया था और सरकार बनने के डेढ महीने के अन्दर ही ईआरसीपी परियोजना के लिए धरातल पर तेजी से काम करते हुए इस परियोजना को पांच साल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है।

सार-समाचार

प्रतिभाओं का सम्मान किया

पीपलू । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठमाणा में पीईईओ अलका अवस्थी के सानिध्य में बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। विद्यार्थियों के साथ उनके माता पिता का भी सम्मान किया गया। बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10 में पायल बैरवा ने 94.67 प्रतिशत अंक व द्वितीय स्थान पर प्रतीक्षा गुर्जर ने 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया। इसी प्रकार उच्च माध्यमिक परीक्षा में रिंकू चौधरी ने 90 प्रतिशत व मोनिका गुर्जर ने 87.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। पीईईओ अलका अवस्थी ने बताया कि ब्लॉक पीपलू में एक मात्र उच्च माध्यमिक विद्यालय हैं। जिसमे बालिकाओं ने लगातार 5 वें वर्ष सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर ब्लॉक में विद्यालय व गांव कठमाणा का नाम रोशन किया है। प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य बलराम शर्मा, व्याख्याता बजरंगलाल चौधरी, रामराज चंदेल, रमेशचंद गुर्जर, ललिता सोनी, अंकिता मीना, वरिष्ठ अध्यापक सुरेश शर्मा, शंकरलाल मीणा, रामसहाय शर्मा, रूपनारायण लक्षकार, नाथूलाल रैगर, धर्मसिंह गुर्जर, हरजीलाल पुरी व रमेशचंद बैरवा सहित सभी शिक्षक व ग्रामीण मौजूद थे।

उर्वरक व कीटनाशी के नमूने लिए

अलवर । कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा एवं कृषि अधिकारी मिशन जितेंद्र फौजदार ने आज विशेष गुण नियंत्रण अभियान के तहत उन्नत एग्रो इनपुट प्राइवेट लिमिटेड की फर्म एवं फर्म मेजर्स राजस्थान कृषि सलाहकार केंद्र का निरीक्षण किया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा ने बताया कि उन्नत एग्रो इनपुट प्राइवेट लिमिटेड स्टेशन रोड अलवर की फर्म के स्टॉक रजिस्टर का निरीक्षण कर फर्म से उर्वरक के दो नमूने लिए गए। इसी प्रकार नेमीचंद मार्केट स्थित फर्म मेजर्स राजस्थान कृषि सलाहकार केंद्र का निरीक्षण किया गया तथा फर्म से एक नमूना कीटनाशी का लिया गया। उन्होंने बताया कि उर्वरक एवं कीटनाशी के लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला में विश्लेषण हेतु भिजवाया जाएगा तथा नमूने अवमानक पाए जाने पर संबंधित फर्म के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई की जावेगी।

रैगर सभा के चुनाव की तैयारी

निवाई । रैगर अनुसूचित जाति उत्थान सभा निवाई की आमसभा की बैठक जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन हेमराज इंदौरिया नानेर द्वारा किया गया। निर्वाचन अधिकारी हेमराज वर्मा ने बताया कि बैठक में रैगर अनुसूचित जाति उत्थान सभा के चुनाव समिति का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर 25 जून को मतदान की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आवेदन पत्रों का वितरण शुरू होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि 27 जून को शाम 4 बजे तक है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्रों की जांच 28 जून को होगी। नाम वापसी 30 जून, उम्मीदवारों की अंतिम सूची 1 जुलाई, चुनाव चिन्ह आवंटन 2 जुलाई को किया जाएगा। आवश्यक हुआ तो रैगर छात्रावास झिलाई रोड़ निवाई पर मतदान 7 जुलाई को सुबह 8 बजे शाम 4 बजे तक होगा। बैठक में मदनलाल वर्मा, राकेश सालोदिया, त्रिलोक, चिरंजीलाल, नारायण लाल, सीताराम, रवि, दीपचंद, बाबूलाल कांवरिया, बब्लेश, सूर्यप्रकाश, जितेंद्र खोलिया, प्रेमप्रकाश कंवरिया, निर्मल कुमार, ओंकार सालोदिया व नाथूलाल जाबडोलिया सहित कई लोग मौजूद थे।

डायरिया की रोकथाम के लिए 8 सप्ताह लगातार चलेगा अभियान

दौसा। दौसा जिले में डायरिया की रोकथाम के लिए ०1 जुलाई से 31 अगस्त तक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर मीणा ने बताया कि इस बार की थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान रखी गई है।

उन्होंने बताया कि अभियान 8 सप्ताह के लिए चलाया जाएगा। इस बीच आशाएं 5 साल तक के बच्चों का घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और ओआरएस के पैकेट तथा जिंक टेबलेट्स का वितरण करेंगी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि सभी राजकीय चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा आंगनबाडी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कार्नर स्थापित किये जाएंगे। इस दौरान उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को डायरिया के लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा तथा इन कॉनर्स की मदद से ओआरएस तथा जिंक टेबलेट्स का नि:शुल्क वितरण भी आवश्यकतानुसार किया जाएगा। इससे पहले 14 से 30० जून के बीच सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में अभियान चलाकर डायरिया नियंत्रण अभियान को गति देने के लिए ओआरएस, आईवी फ्लूड और जिंक टेबलेट्स की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जलदाय विभाग, नगर निकाय का सहयोग भी लिया जाएगा।

बांध के पीछे बनी अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की

अलवर । यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते मय अलवर तहसील कार्मिक मय पुलिस जाप्ते के द्वारा 22 जून (शनिवार) को ठाम केसरपुर जयसमन्द बांध की पाल के पीछे लगभग 10 बीघा कृषि भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग व निर्माणधीन चार दीवारी को जेसीबी व टैऊक्टर के द्वारा ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने आमजन से अपील की है कि सभी लोग न्यास द्वारा विकसित व अनुमोदित की गई आवासीय/ व्यवसायिक योजनाओं में ही अपने भूखण्ड अथवा मकान खरीदे तथा शहर के सुनियोजित विकास में न्यास का सहयोग करें। इस दौरान यूआईटी के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियंता, पटवारी, नायब तहसीलदार मय कार्मिक तथा एसएचओ पुलिस थाना सदर अलवर मय जाब्ता मौजूद रहा।

विधायक के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पावटा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित एसके हॉस्पिटल में 29 जून, शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर संयोजक भाई हरिद्वारी लाल स्वामी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर आयोजन के पोस्टर का विमोचन विधायक कुलदीप धनकड कर कमलों द्वारा किया गया।

यह रक्तदान शिविर एसके हॉस्पिटल में प्रात: 8 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा जिसमें विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के सभी रक्त वीर अपने विधायक के जन्मदिन पर बढ चढकर हिस्सा लेंगे और रक्तदान कर किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने का पुण्य कार्य करेंगे। इस अवसर पर मंडा सरपंच प्रतिनिधि शेरसिंह, धर्मवीर वर्मा, मक्खन, नरेंद्र सिंह, विकास सिंह, शक्तिसिंह, मनोज चौधरी, किशन, टिंकू प्रजापति, राहुल, पंकज वर्मा, सत्यनारायण, मनोज स्वामी सहित टीम कुलदीप धनखड के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

विधायक कुलदीप धनकड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का पोस्टर जारी किया।

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के छठे दिन सुनाया कृष्ण रासलीला का प्रसंग

पावटा। उपखंड पावटा में स्थित गोपाल भैया मंदिर प्रांगण में गोपाल भैया मंदिर महंत श्री श्री 108 मोहनदास महाराज के सानिंध्य मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य किशोर शरण महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रासलीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है।

यह काम को बढाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है। लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पडा है। रासलीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है। भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। कथा के दौरान आचार्य किशोर शरण महाराज ने भजन प्रस्तुत किए। श्री 1०8 मोहनदास रामायणी महाराज ने बताया कि बुधवार 26 जून को हवन व पाटोत्सव कार्यक्रम मनाया जायेगा। अवसर पर पूर्व सरपंच दौलत अग्रवाल, उमाकांत बंसल, दीपक गोयल, चंद्रमोहन सैन, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पावटा पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गौड, विकास शर्मा, शिक्षक दुर्गादत्त भारद्वाज, सुरेश शर्मा, अमन मिश्रा, हिमांशु शर्मा, शुभम टीलावत, अमित बटवाल, अमित शर्मा, साहिल टीलावत, नितेश शर्मा सहित बडी संया मे महिलाए व श्रद्धालु मौजूद रहे।

पिकअप चोरी की वारदात का पर्दाफाश

कोटपूतली। स्थानीय थाना पुलिस ने विगत 05 जून को कस्बे से पिकअप चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये चुराई गई पिकअप को बरामद किया है। इस दौरान पिकअप चोर ने चुराई गई पिकअप से भैंस चोरी की चार वारदातों को अन्जाम देना भी कबुल किया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि कस्बे के कुंज विहार कॉलोनी निवासी परिवादी मोहित कुमार अग्रवाल पुत्र दिनेश मोरीजावाला ने विगत 05 जून को मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि कुंज विहार स्थित अग्रवाल एजेंसी नाम से संचालित फर्म पर घी, तेल व किराणा सामान के थोक का व्यापार होता है। माल के परिवहन के लिये टैम्पों व दो पिकअप ले रखी है। इनमें से एक पिकअप आर जे 32 जीडी 2180 को विगत 04 जून को कुंज विहार कॉलोनी स्थित गोदाम पर माल उतारने व चढाने के लिये ड्राईवर रामकरण आदि खडी करके गये थे। तब चोरी की ।

'सड़क पर घूमने वाले गोवंश को गोशालाओं में भिजवाया जाये'

दौसा । जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा पारीक की अध्यक्षता में सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर के कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.रमेश चन्द मीना द्वारा गत बैठक के कार्यवाही से अवगत करवाया गया। पशु क्रूरता निवारण एक्ट के तहत दर्ज मामलों की संख्या पूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत की गई।

बैठक में दौसा शहर की सडकों पर एवं नेशनल हाईवे पर पालतू गोवंश को पशुपालकों द्वारा छोडने पर अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा एक्सईएन नगर परिषद को निर्देशित किया गया कि ऐसे पशुओं को एनएचएआई से समन्वय स्थापित कर गोशालाओं में नियमित रूप से एकत्रित कर भिजवाया जाये एवं गोशाला द्वारा प्रतिदिन भरण पोषण का शुल्क वसूलने के पश्चात ही पशुपालक को गोवंश इस शर्त के साथ वापस दिया जाये ताकि दोबारा गाय को खुला नहीं छोडेगा तथा नगर परिषद द्वारा गौशालाओं में छोडे गये पशुओं की रिपोर्ट नियमित रूप से तैयार की जावे। पालतू कुत्तों को पालने पर नगर परिषद में पंजीयन करना प्रारम्भ करने के निर्देश दिये एवं पंजीयन नहीं करवाने पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिये एक्सईएन नगर परिषद को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रतिबंधित नस्ल के कुत्ते पालने पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने नगर परिषद एक्सईएन को निर्देशित किया गया कि पालतू गोवंश एवं भेंस वंश के लिये अस्वीकार्य जगह एवं स्थिति जहां पर पशुओं के रहने/रखने से पशुओं एवं आस पास के निवासियों को अवांछित गंदगी एवं परेशानी का सामना करना पडे तथा मच्छरों एवं बीमारीयां फैलने का खतरा हो तो ऐसे पशुपालकों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। गोशालाओं द्वारा गोवंश को बाहर खुला छोडने पर सर्वसम्मति से आपत्ति जताई गई एवं गोशाला प्रबंधकों की बैठक बुलाते हुऐ उन्हें इस बाबत समझाईश करते हुए पत्र लिखने के निर्देश दिये की ऐसा करने पर गोशालाओं को अनुदान निधि सहायता से वंचित कर दिया जावेगा। तहसीलदार एवं सम्बन्धित पशुपालन विभाग के अधिकारी गोशालाओं का औचक निरीक्षण कर उनमें व्यवस्थाए सुधार करने के प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि पशु क्रुरता निवारण एक्ट 196० के तहत दर्ज मामलों पर प्रभावी कार्यवाही करें। बैठक में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश चन्द मीना, सीओ दौसा रवि, सीओ एससी- एसटी सेल मनोहर लाल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक घनश्याम मीणा, नगर परिषद एक्सईएन कैलाश चंद मीणा, जिला परिषद से अतिरिक्त बीडीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बालिकाओं ने जागरूकता का संदेश दिया

सांभरझील, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज पंद्रह दिवसीय समाज सेवा शिविर का समापन हुआ। 24 जून 2024 को किया गया। विनोद दुलारिया ने एनएसएस के महत्व और उसके फायदे बताए।

शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। छात्रों ने बताया कि इस रचनात्मक शिविर में अनेक प्रकार के अनुभव मिलते हैं, शिविर एक नया अनुभव देता है। लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर उसके पेड़ बनने तक रक्षा करने का संकल्प दिलाया। विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। पेड़-पौधे को पानी दिया गया। पक्षियों के लिए परिंडों में पानी भरा गया।

सभी ग्रंथों का सार है अणभै वाणी

पीपलू । श्रीचारभुजानाथ मंदिर समीप हरिकल्याण भवन में चार दिवसीय अणभै वाणी पाठ सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती के साथ शुरु हुए। मास्टर रामनारायण विजयवर्गीय ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य स्वामी श्रीरामचरण महाराज ने तप, वैराग्य और ईश्वर कृपा से प्राप्त हुए ज्ञान के माध्यम से अपनी अनुभव वाणी से अणभै वाणी्य ग्रंथ की रचना की थी जो सभी ग्रंथों का सार है। जिसमें 36 हजार 397 पद व श्लोक शामिल है। उन्होंने कहा

- **स्वामी रामचरण महाप्रभु के रचित ग्रंथ अणभै वाणी के पाठ शुरु**

कि भगवान के नाम का सुमिरन और सत्संग करने के लिए जीव को मानव रूपी जीवन मिला है, जबकि मनुष्य मूल उद्देश्य भूलकर विलासिता में खो रहा है। दुनिया में कबीर वाणी, नानकवाणी जैसे कई ठांथों के माध्यम से सत्य, अहिंसा और धर्म का संदेश हैं। स्वामी रामचरण महाराज का पैतृक गांव पीपलू उपखंड क्षेत्र का ठाम बनवाड़ा हैं। वहीं उनका जन्म मालपुरा तहसील के सोड़ा में स्थित उनके ननिहाल में 24 फरवरी 1720 शनिवार को हुआ था। माता-पिता की मृत्यु उपरांत वर्ष 1743 में रामचरण का सांसारिक भौतिकवाद से मोह भंग हो जाने से अध्यात्मवाद में रुचि लेने लगे तथा भीलवाड़ा जिले के दांतड़ा गांव में जाकर संत कृपा राम महाराज के शिष्य बन गए। साथ ही अपनी अनोखी, निर्गुण भक्ति से वह आगे चलकर स्वामी रामचरण महाराज के नाम से जग विख्यात हुए। अपने काल के अद्वितीय संत हुए जिन्होंने उस अराजक काल में एक नया संदेश देकर लोगों में उत्साह जागृत किया। जाति-पांति के भेद को मिटाकर सभी को राम मंत्र की दीक्षा दी। उन्होंने बताया कि रामस्नेही सेवा समिति जयपुर की ओर से निष्काम भाव से वर्ष 2017 से प्रतिमाह किसी न किसी स्थान पर जाकर अणभै वाणी ठांथ के पाठ किए जाते हैं। इस दौरान रामस्नेही सेवा समिति के बाबूलाल लवादर, मुरारीलाल, ऊंकारलाल विजयवर्गीय, पुण्र्याजक रामअवतार, रामबाबू, शिवराज, विनोद विजयवर्गीय, माया, अंकिता व अमित सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

पीपलू में अणभै वाणी पाठ को लेकर पूजा अर्चना की गई।

आमजन को मिलेगा शीतल पेयजल

निवाई । भीषण गर्मी से राहगीरों को व्यास बुझाने के लिए अहिंसा सर्किल पर गांधी पार्क के बाहर मुख्य सडक मार्ग पर भामाशाह रजत गोयल परिवार द्वारा आमजन के लिए शीतल जल प्याऊ संचालित की गई। जिसका शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने फीता काटकर किया।

पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने गोयल परिवार के इस जनपयोगी कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को ठंडा एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए शीतल जल प्याऊ संचालित की गई है। उन्होंने कहा कि ठीष्मकाल में पानी की कमी को देखते हुए जल का अपव्यय नहीं करें। जितनी आवश्यकता है उतना ही जल का उपयोग करें।

डीवाईएसपी मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के जनहित के कार्यों को भामाशाह परिवारों द्वारा सदैव संचालित करते रहना चाहिए। ऐसे कार्यो से इस भव व परभव में पुण्य लाभ प्राप्त होगा। समारोह में थानाधिकारी हरिराम वर्मा, पार्षद शंकर घाटी, त्रिलोक रजवास, अभिषेक छाबडा, संजय पारीक, प्रेम इसरानी, हेमराज माली व प्रेम सैनी सहित कई पुलिसकर्मी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव, परिवारजन भय के साएं में

अलवर । एक तरफ तो भाजपा सरकार बेटियों की सुरक्षा के लिए कडे कानून बना रही है वही एक 11 साल की मासूम अपने साथ हुए अन्याय के लिए न्याय मांग रही है। इधर आरोपी पीडित परिवार को डरा धमका कर समझोता करने के लिए आरोपी दबाव बना रहे है लेकिन पीडित परिवार को कोई सुरक्षा पुलिस द्वारा नही दी जा रही है।

पीडिता के अनुसार घटना गत महिने 8 मई 2024 की है मामाला अलवर शहर के नजदीक रामगढ विधानसभा क्षेत्र के बडोदा मेव पुलिस थाने का है यहां की रहने वाली एक तेरह वर्षीय मिरासी जाति की बच्ची रोज की भांति अपने स्कूल जा रही थी स्कूल के रास्ते में गंगा मंदिर के पास किसी ने उसकी पीठ पर सुई जैसी बस्तु चुबों दी जिससे बच्ची बेहोश हो गई और उसे दो लडके उठा कर वही एक सुनसान हवेली नुमा भवन में ले गए बच्ची ने पुलिस को अपने बयान में आगे बताया कि उसे अचेतन अवस्था में एक अलमारी नुमा जगह पर बंद कर दिया और उसके बाद उसके शरीर से उन दोनों बदमाशों ने छेडछाड की और गलत हरकत की बच्ची ने पुलिस को बताया कि अरोपियो में गांव का ही एक युवक दीपक पुत्र श्याम सुन्दर जाटव था और दुसरे को वह जानती नही। पुलिस ने पीडिता के आरोपों पर तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया और दीपक की निशानदेही पर दूसरे आरोपी विशाल उर्फ मोटा पुत्र चुन्नी लाल जाटव को उठा लिया।

पुलिस ने पीडिता के बयान पर एफआईआर नम्बर 0124 में आरोपियों के खिलाफ दफा 363,342,504,506,354ए आईपीसी एव पोस्कों एक्ट में मुकद्मा दर्ज कर लिया वही अब सवाल उठता है कि जब पीडिता कह रही है कि उसके साथ गलत हुआ है तो फिर पुलिस ने दफा 376 को इस मामले में क्यों नही जोडा वही पीडिता की मॉ ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीडिता का रात को ही पुलिस ने मैडिकल करवा लिया जबकि कानून विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी पीडिता का मैडिकल रात में नही होना चाहिए। पीडिता के पिता का आरोप है कि इन आरोपियों में से एक अरोपी का पिता किसी संस्था में चेयरमेन बताया गया है और राजनेतिक संरक्षण प्राप्त है अगर पुलिस ने एफआईआर में धारा 376 जोड दिया होता तो सम्भवत आरोपी की जमानत नही हो पाती पुलिस ने आनन फानन डेढ महिने की जांच के तुरंत बाद ही चालान कोर्ट में पेश भी कर दिया वही इससे पूर्व एक आरोपी विशाल उर्फ मोटा को हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है जबकि ऐसे अपराधों में आरोपी को इतनी आसानी से जमानत नही मिल सकती लेकिन यहां ऐसा हुआ है। पीडिता के पिता ने बताया कि आरोपी पक्ष के लोग रोजाना घर आकर उन्हें समझोता करने के लिए धमका रहे है उन्हें जान से मारने तक की धमकी दी जा रही है उन्होंने कहा कि अगर मेरे परिवार या मेरे साथ कुछ भी अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेदार पुलिस प्रशासन और आरोपी पक्ष रहेगे। अलवर पुलिस से सुरक्षा व न्याय नही मिलने पर पीडित पिता अपनी गुहार लेकर अब जयपुर मुख्यमंत्री और पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाएगा। यहां पर एक दिलचस्प बात यह भी सामने आई है कि पीडित परिवार का मेव समाज साथ इसलिए नही दे रहा है क्योंकि पीडिता का पिता रामलीला,भागवत आदि के प्रोठाामों में हिस्सा लेता है इसलिए मेव समाज उसका साथ नही दे रहा है वही पैसों के अभाव में कोर्ट में केस लडना पीडित परिवार के लिए हिमालय पर चढने जैसा हो गया है कही ऐसा ना हो एक मासूम इस घटना को जीवन भर ना भूला सके और हमारे कानून के सिस्टम को कोसती रहे जिसने उसे न्याय नही दिलाया।